# आईएएस संवर्ग में पदोन्नत होने पर हर्ष जताया




शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आईएएस संवर्ग में पदोन्नत किये जाने पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों व जन-प्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया। अपर नगर आयुक्त एसके सिंह व सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अंगद गुप्ता, मधुसूदन लाल आर्य, महाप्रबन्धक जल रमेष कुमार रघुवंषी, लेखाधिकारी सीपी मौर्य, निर्माण विभाग से अधीषासी अभियंता आशीष त्रिवेदी, सहायक अभिंयता विपुल कुमार, मुख्य लेखा परीक्षक निर्विकार गोयल, वरिश्ठ लिपिक व नगर आयुक्त के स्टैनों सरताज आलम, रिजवान खॉ, सुभाष मिश्रा, मो0 हकीम खॉ, अशोक सिंह एवं नगर निगम के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को बुके भेंट कर व मिठाई खिलाई। साथ ही रमेश चन्द्र, मुरारीलाल भास्कर, विकास चन्द्रा, बबल किशोर ने नगर आयुक्त का स्वागत किया।